# पुलिस भर्ती परीक्षा –2023 हेतु अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक के दायित्व
## परीक्षा केन्द्र– एम0एल0के0पी0जी0कालेज, बलरामपुर
## (सेन्टर कोड– 010 एवं 011)

1. सभी अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक महाविद्यालय में प्रातः 07:00 बजे उपस्थित रहेंगे।
2. परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने से डेढ़ घण्टे पूर्व महाविद्यालय में प्रवेश करेंगे परन्तु परीक्षा कक्ष में उन्हें 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जायेगा।
3. अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो मुद्रित न होने की स्थिति में अभ्यर्थी अपनी फोटो उसपर चिपकाकर राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कराकर तथा प्रपत्र–06 पर अभिवचन पत्र भरकर अन्तरीक्षक को सुपुर्द करेंगे।
4. अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक सीटिंग प्लान से मिलान करने के बाद ही परीक्षार्थी को कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति देंगे तथा अनुमति देने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उसके पास फोटो युक्त पहचान पत्र है।
5. अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घण्टे पूर्व अपने–अपने कक्ष में उपस्थित रहेंगे तथा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक एवं प्रश्न पुस्तिका के पैकटों को परीक्षार्थियों की उपस्थिति में परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट पूर्व खोलेंगे तथा 02 परीक्षार्थीयों के हस्ताक्षर कराने के बाद ही ओ0एम0आर0 को वितरित करेंगे परन्तु परीक्षा प्रारम्भ होने के 05 मिनट पूर्व प्रश्नपुस्तिका छात्रों को वितरित करेंगे।
6. ओ0एम0आर0 भरने से पूर्व छात्र यह सुनिश्चित कर लें कि ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक किसी प्रकार से कटा अथवा फटा या उसमें मुद्रित गोल आकृतियां त्रुटि पूर्ण तो नहीं हैं। ऐसा होने की स्थिति में अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक उस छात्र से उत्तर पत्रक वापस लेकर उसको दूसरा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक उपलब्ध करायेंगे।
7. इसी प्रकार छात्र परीक्षा प्रारम्भ होने पर उत्तर पुस्तिका को खोलकर सर्वप्रथम अवश्य देख लें कि उत्तर पुस्तिका में कोई पृष्ठ कम तो नहीं है या कोई प्रश्न मिस प्रिन्ट तो नहीं है यदि उत्तर पुस्तिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की स्थिति में अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक उस छात्र से उत्तर पत्रक वापस लेकर उसको दूसरी प्रश्नपुस्तिका उपलब्ध करायेंगे।
8. अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक वितरित करने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र अवश्य चेक करलें, दूसरी बार प्रवेश पत्र की चेकिंग सहयोगी अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक द्वारा उपस्थिति सूची/उपस्थिति पत्रक पर छात्र का हस्ताक्षर लेते समय करेंगे।
9. उपस्थिति पत्रक पर छात्र द्वारा हस्ताक्षर किये जाने के उपरान्त ही अपना हस्ताक्षर करेंगे।
10. अन्तरीक्षक जब यह सुनिश्चित करलें कि परीक्षार्थी ने ओ0एम0आर0 पर सभी प्रविष्टियां जैसे अपना अनुक्रमांक, सेन्टर कोड, जनपद कोड, दिनांक तथा प्रश्नपुस्तिका क्रमांक आदि निर्धारित स्थान पर अंकित कर दिया है तभी अपना हस्ताक्षर ओ0एम0आर0 पर करेंगे।
11. उपस्थिति पत्रक को आवश्यकतानुसार एक कक्ष से दूसरे कक्ष में ले जाया जा सकता है परन्तु एक कक्ष से दूसरे कक्ष में ले जाकर छात्र का हस्ताक्षर कराने का कार्य अतिरिक्त सहयोगी कक्ष निरीक्षक द्वारा किया जायेगा। किसी भी दशा में उपस्थिति पत्रक को फाड़कर दूसरे कमरे में नहीं भेजा जायेगा।

12. परीक्षा के दौरान यदि कोई छात्र को लघुशंका की आवश्यकता होती है तो एक कक्ष से एक समय में एक से अधिक परीक्षार्थी कक्ष से बाहर न जायें। परीक्षा के अन्तिम आधे घण्टे के दौरान परीक्षार्थी को प्रसाधन जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
13. परीक्षा समाप्ति से पूर्व कोई परीक्षार्थी कक्ष छोड़कर नहीं जायेगा परन्तु यदि कोई छात्र गम्भीर रूप से अस्वस्थ हो जाता है तो उसका ओ0एम0आर0 एवं प्रश्नपुस्तिका जमा कराकर भेजने की अनुमति प्रदान की जा सकती है परन्तु उसे पुनः परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
14. **परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट के उपरान्त जो प्रश्नपत्र एवं ओ0एम0आर0 उपयोग में नहीं आये है उन्हें अन्तरीक्षक केन्द्र व्यवस्थापक को पीले रंग के लिफाफे में रखकर वापस कर देंगे।**
15. यदि कोई परीक्षार्थी ने ओ0एम0आर0 पर कोई गोला नहीं भरा है तथा खाली छोड़ दिया है तो अन्तरीक्षक द्वारा प्रपत्र 09 में अपनी टिप्पड़ी केन्द्र व्यवस्थापक को उत्तरपत्रक जमा करते समय देंगे।
16. परीक्षा समाप्ति पर अन्तरीक्षक द्वारा परीक्षार्थी से सीटिंग प्लान के क्रम में उत्तर पत्रक प्राप्त करेंगे तथा पुनः यह मिलान करलेंगे कि परीक्षार्थी द्वारा भरा गया अनुक्रमांक व अन्य विवरण सही है तथा उसके द्वारा हस्ताक्षरित है।
17. ओ0एम0आर0 उत्तरपत्रक की तीन प्रति होंगी प्रथम प्रति–मूलप्रति, द्वितीय प्रति– बोर्ड की प्रति तथा तृतीय प्रति– अभ्यर्थी की प्रति होगी।
18. अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक अपने कक्ष के सभी उपस्थित परीक्षार्थियों से ओ0एम0आर0 की मूल प्रति एवं बोर्ड की प्रति जमा कराने के पश्चात उसे गिन लें तथा यह सुनिश्चित होने के बाद ही सभी उपस्थित परीक्षार्थियों के ओ0एम0आर0 तथा बोर्ड प्रति जमा होगयी है के उपरान्त ही समस्त परीक्षार्थियों को कक्ष एक साथ कक्ष छोड़ने की अनुमति प्रदान करेंगे।
19. परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्नपुस्तिका तथा ओ0एम0आर0 की तृतीय प्रति अर्थात अभ्यर्थी की प्रति अपने साथ ले जायेंगे।
20. परीक्षा समाप्ति के बाद कक्ष अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक ओ0एम0आर0 को आरोही क्रम में व्यवस्थित कर लें तथा मूल ओ0एम0आर0 पर निर्धारित परफोरेटेड स्थान पर दो भाग करके एक भाग (पार्ट–A) जिसमें परिक्षार्थी की सूचना अंकित है को नीले रंग के लिफाफे में तथा मूल ओ0एम0आर0 के दूसरे भाग (पार्ट–B) को लाल रंग के लिफाफे में रखेंगे।
21. ओ0एम0आर0 की द्वितीय प्रति को किसी भी दशा में फाड़ा नहीं जायेगा तथा इसको आरोही क्रम में व्यवस्थित करके अन्तरीक्षकों द्वारा हरे रंग के लिफाफे में रखकर केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध करया जायेगा।
22. अन्य समस्त परिशिष्ट जैसे 8,9,16 एवं 17, प्रमाण पत्र एवं उपस्थित पत्रकों को भूरे रंग के लिफाफे में रखकर बिना सील किये केन्द्र व्यवस्थापक को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उपलब्ध करायेंगे।
23. सभी अन्तरीक्षक/कक्ष निरीक्षक परीक्षा प्रक्रिया सम्पन्न कराने के उपरान्त नीला, लाल, हरा एवं पीला लिफाफों को परीक्षा कक्ष में ही सील करेंगे।

........................................................................................................

# पैकिंग की प्रक्रिया

कक्ष अन्तरिक्षकों द्वारा अपने कक्ष के समस्त उत्तर पत्रकों एवं उपस्थिति पत्रकों को एकत्रित करके निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे–

| क्र0सं0 | परीक्षा समाग्री | लिफाफे का रंग |
|---|---|---|
| 1 | ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पार्ट – A | नीला |
| 2 | ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पार्ट – B | लाल |
| 3 | ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की बोर्ड प्रति | हरा |
| 4 | अप्रयुक्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक / प्रश्न पुस्तिका | पीला |
| 5 | समस्त परिशिष्ट/प्रमाण पत्र/उपस्थिति पत्रक | भूरा |

**विभिन्न घंटियां वं उनके महत्व (परीक्षा तिथि 17.02.2024 व 18.02.2024)**

| घंटी | गतिविधि | समय | |
|---|---|---|---|
| | | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
| पहली घंटी सिंगल | कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा दो अभ्यर्थियों के सामने प्रश्न पुस्तिका का पैकेट खोला जाना | 9.45 प्रातः | 2.45 दोपहर |
| द्वितीय घंटी डबल | प्रश्नपत्र पुस्तिका व ओ0एम0आर0 शीट का वितरण करना वं अभ्यर्थी द्वारा ओ.एम.आर. शीट पर विवरण भरा जाना | 9.50 प्रातः | 2.50 दोपहर |
| तीसरी घंटी लम्बी घंटी | प्रश्नपत्र पुस्तिका की सील को खोलना एवं परीक्षा प्रारम्भ करना | 10.00 प्रातः | 3.00 अपरान्ह |
| चौथी घंटी छोटी घंटी | परिक्षा प्रारम्भ होने के 60 मिनट बाद | 11.00 प्रातः | 4.00 अपरान्ह |
| पाँचवी घंटी छोटी घंटी | परीक्षा समाप्त होने के 15 मिनट पूर्व | 11.50 प्रातः | 4.50 अपरान्ह |
| छठी घंटी लम्बी घंटी | परीक्षा समप्ति पर | 12.05 दोपहर | 5.05 सायं |